Library

School of Planning and Architecture, Bhopal

S.No.02 फरवरी ,2022

पत्रिका	17/02/2022	पेज न. 13

कैंपस बड्‌र्स काउंट: 82 प्रजातियों के पक्षियों को चिन्हित किया, 25 प्रतिभागियों ने लिया भाग

जोड़े के साथ दिखाई दिए संकटग्रस्त इजिप्शियन वल्चर

पत्रिका plus रिपोर्टर

भोपाल. भोपाल बड्‌र्स संस्था की ओर से स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल में कैंपस बड्‌र्स काउंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शहर के हरे-भरे कैंपस में पाई जाने वाली पक्षी विविधता को चिन्हित कर डाटा तैयार करना है। कार्यक्रम में संस्था के 25 अध्यापकों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस दौरान लगभग 82 पक्षी प्रजातियों को चिन्हित किया। इसमें कैंपस में संकटग्रस्त इजिप्शियन वल्चर चिन्हित हुआ। इजिप्शियन वल्चर को घोंसला बनाते देख प्रतिभागी उत्साहित हो गए। यह वल्चर नर व मादा दो की संख्या में दिखाई दिए। स्त्रोत व्यक्ति के रूप में डॉ.संगीता राजगीर, मो. खालिक तथा डॉ. विपिन धोटे उपस्तिथ रहे। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर एसपीए अपूर्वा लक्ष्मी ने किया।

ये पक्षी दिखाई दिए

स्थानीय पक्षीः पर्पल सनबर्ड, रोज रिंग पैराकीट, स्पॉटेड डव, रेड वेंटेड बुलबुल, ब्लैक ड्रोंगो, लिटिल कोर्मोरेंट, ब्लैक विंग स्टिल्ट, पॉन्ड हेरॉन, व्हीट थ्रोटेड किंगफिशर, इंडियन रोलर, येलो फूटेड ग्रीन पिजन आदि।

प्रवासी पक्षीः स्पॉट बिल्ड़ डक, ब्रह्मिनी शेल्डक, लैसर व्हीट थ्रोट, मार्श सैंडपाइपर, व्हीट वैगटेल, सिट्रीन वैगटेल, ग्रे वैगटेल, वेरडिटेर फ्लाईकैचर, पेंटेड स्टोर्क आदि।